**जिलाधिकारी महोदय मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 19.5.2025 को मा0 मुख्यमंत्री जी डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यो से संबंधित) समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–**

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक **19.5.2025** को मा0 मुख्यमंत्री जी डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यो से संबंधित) माह अप्रैल–2025 की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का कार्यवृत्त निम्न प्रकार है–

**विकास कार्यो से संबंधित समीक्षाः–**

**1–अतिरिक्त ऊर्जा–पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाः–** परियोजना अधिकारी नेडा द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एम0 सूर्यघर योजनान्तर्गत जनपद का लक्ष्य 11846 निर्धारित है। जिनमे से 8490 लाभार्थियों द्वारा पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया है। उक्त लाभार्थियों में से 5000 लाभार्थियों द्वारा वेन्डर का चुनाव कर लिया गया है तथा 2840 लाभार्थियों के घरो पर सोलर रूप टॉप स्थापित हो चुका है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य प्राप्ति न होने के कारण जिलाधिकारी महोदय निर्देश दिये गये कि जनपद में 02 किलावाट, 05 किलोवाट एवं 10 किलावाट उपभोगताओं की सूची तैयार कर वेन्डरों को उपलब्ध कराये तथा विद्युत विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर निगम, एम0डी0ए0 तथा व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए सोलर पैनल की स्थापना हेतु स्थानीय निवासियों तथा सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करें।

**2–ग्राम्य विकास–मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीणः–** वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत कुल 49 स्वीकृत आवासों के सापेक्ष मात्र 37 आवासों को ही पूर्ण कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मेरठ को अवशेष आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

**3–नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति–जल जीवन मिशन हर घर जलः–** जल जीवन मिशन हर घर जल (चरण 1,2,3,4,5) के अन्तर्गत कुल लक्षित 314481 परिवारों के सापेक्ष मात्र 303055 परिवारों को ही क्रियाशील गृह नल संयोजन उपलब्ध कराये गये है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि 18 ग्रामों में 07 ग्रामों में भूमि उपलब्ध न होने के कारण निर्माण कार्य बाधित है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, मेरठ को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

**4–नियोजन–फैमिली आई0डी0 :–** अर्थ एवं संख्याधिकारी, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया जनपद हेतु स्वीकृत आवेदनों के लक्ष्य 70412 के सापेक्ष 11765 प्राप्त आवदनों में से 6728 आवेदन स्वीकृत तथा 3992 आवेदन अस्वीकृत किये गये है। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की शासन से प्राप्त सूची समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपनिदेशक कृषि, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को शासन से प्राप्त सूची को विकासखण्डवार तैयार कर समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

Scanned with OKEN Scanner

**10–समाज कल्याण–राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना:–** विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल प्राप्त आवेदनो की संख्या 1301 है के सापेक्ष 98 आवेदन अनुमोदित हुए है तथा 1046 आवेदन अस्वीकृत किये गये। समय सीमा के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों की संख्या 105 तथा समय सीमा के बाद लम्बित आवेदनों की संख्या 52 है। निरतारित आवेदन 95.65 प्रतिशत है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विभागीय अधिकारी को लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

**11–सहकारिता–जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली:–** विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिला सहकारी बैक अल्पकालीन वसूली का लक्ष्य रू0 12101.98 लाख का निर्धारित था, जिसक सापेक्ष सहकारी बैक अल्पकालीन वसूली पूर्ति रू0 11546.76 लाख तथा प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक 72 तथा ग्रेड सी है तथा वसूली का प्रतिशत 95.41 है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विभागीय अधिकारी को निर्देश दिये गये कि आगामी माहो में प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर जनपद की रैंक में सुधार सुनिश्चित किया जाये।

**12–आई0जी0आर0एस0 प्रकरणो का निस्तारण:–** सभी जिला स्तरीय अधिकारियो द्वारा अपने–2 विभाग से सम्बन्धित आई0जी0आर0एस0 पर लम्बित सन्दर्भो का निस्तारण समय से नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अपने–अपने विभाग से संबंधित आई0जी0आर0एस0 संदर्भो का समय से निस्तारण कराना सुनिश्चित करे।

(नूपुर गोयल)
मुख्य विकास अधिकारी
मेरठ।

## कार्यालय– मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।

पत्र सं0 126 /मासिक बैठक/अप्रैल–25/2025–26 दिनांक: 30-05-2025

1– सचिव, कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

2– संयुक्त विकास आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

3– जिलाधिकारी, महोदय मेरठ।

4– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, कलक्ट्रेट परिसर मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यवृत्त को जनपद की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

5– उप निदेशक सूचना, मेरठ मण्डल मेरठ।

मुख्य विकास अधिकारी
मेरठ।

Scanned with OKEN Scanner